**Thirteenth Loksabha**

**Session : 1**
**Date : 22-10-1999**
**Participants : Vajpayee Shri Atal Bihari ,Gandhi Smt. Sonia ,Chatterjee Shri Somnath ,Yerrannaidu Shri Kinjarapu ,Yadav Shri Mulayam Singh ,Mayawati Kumari ,Pandian Shri P.H. ,Gupta Shri Indrajit ,Pawar Shri Sharad Chandra Govindrao ,Singh Dr. Raghuvansh Prasad ,Mandal Shri Sanat Kumar ,Chandra Shekhar Shri ,Banatwalla Shri Gulam Mehmood ,Naik Shri Ali Mohmad ,Roy Pradhan Shri Amar ,Thomas Shri P.C. ,Francis George Shri K. ,Balayogi Mr. Ganti Mohana Chandra**

**Title:Felicitations offered by the Members of Parliament to the Speaker..**

11.18 hrs.

**MR. SPEAKER:** The Prime Minister, Shri Atal Bihari Vajpayee.

प्रधान मंत्री (श्री अटल बिहारी वाजपेयी): अध्यक्ष महोदय, आज का दिन संसद के इतिहास में एक स्मरणीय दिन के रूप में रहेगा। लोक सभा के अध्यक्ष का निर्वाचन अपने में एक महत्वपूर्ण घटना है। चुनाव के बाद जब हम एकत्र होते हैं और सदन की कार्यवाही को चलाने का निश्चय करते हैं तो अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन हमारी कार्यसूची में शामिल रहता है। लेकिन इस बार का चुनाव इसलिए उल्लेखनीय बन गया है कि अध्यक्ष महोदय अब आप दूसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। सभी को यह अवसर नहीं मिलता। लेकिन इससे भी प्रसन्नता की और गौरव की बात यह है कि आप सर्वसम्मति से सदन में अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। आज सारा सदन एक स्वर से आपके अध्यक्ष पद को अलंकृत करने का स्वागत कर रहा है। पिछली बार जब आप चुने गये थे तो निर्विरोध चुने गये थे। लेकिन आज जो सदन में वातावरण है वह पिछली बार नहीं था।

लोकतंत्र परम्पराओं पर चलता है। निष्प्राण नियम, निर्जीव निर्देश अपना महत्व रखते हैं, लेकिन जब तक उनमें परस्पर सहयोग और सदभाव के प्राण न फूंके जाएं, तब तक लोकतंत्र एक ढांचा मात्र रहता है। बीच में यह परम्परा चली थी कि सत्ता पक्ष का अध्यक्ष हो और जो प्रमुख प्रतिपक्ष है, उसका उपाध्यक्ष हो। आज उस परम्परा में फिर से प्राण डाले जा रहे हैं जिससे मुझे बड़ी खुशी है। मैं आने वाले किसी निर्णय की सूचना नहीं दे रहा हूं। यह परम्परा चले, यह परम्परा आगे बढ़े, जो लोकतंत्र के लिए शुभ होगा, लोक तंत्र के लिए स्वस्थकर होगा।

चुनाव की गर्मा-गर्मी के बाद हम आपके नेतृत्व में काम करेंगे। आप सदन के लिए नए नहीं हैं, नए सदस्यों के लिए भले ही नए हों। आपका सारा जीवन सार्वजनिक कार्यों से जुड़ा हुआ रहा है। पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक सभी जनप्रतिनिधि संस्थाओं का आपको अनुभव है। आन्ध्र प्रदेश के एक छोटे से गांव में एक गरीब परिवार में दलित के घर जन्म लेकर आज आप जिस ऊंचे आसन पर विराजमान हैं, वह आपके गुणों को तो उजागर करता ही है, मगर देश का गौरव भी बढ़ाता है।

भारत संसार का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। इस बार चुनाव से पहले ये आशंकाएं प्रकट की गई थीं कि लोग प्रति वर्ष होने वाले चुनावों से इतना ऊब गए हैं कि वे मतदान में भाग नहीं लेंगे, उदासीन रहेंगे, लेकिन भारत के मतदाता ने, जागरुक मतदाता ने इसे गलत साबित कर दिया। मौसम की खराबी के बावजूद बड़ी संख्या में लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए आए। सभी मतदाताओं को शिक्षित होने का अवसर नहीं मिला है, हम उन्हें अवसर नहीं दे सके हैं, अन्य अभाव भी हैं, लेकिन भारतीय गणतंत्र के मतदाता, एक मतदाता के नाते, अपने कर्तव्य के प्रति जागरुक हैं और मताधिकार का महत्व पहचानते हैं। जहां मताधिकार को बहिष्कृत करने का आहवान किया गया था वहां भी मतदाताओं ने बहिष्कार का साथ नहीं दिया।

उन्होंने लोकतंत्र को सबल बनाने में अपना योगदान दिया। भारत का मतदाता भी इसके लिए हमारी बधाई का पात्र है।

अध्यक्ष महोदय, आप सदन को पहले चला चुके हैं। आज फिर आप पर बड़ी जिम्मेदारी आ रही है। मुझे विश्वास है कि आपके निर्देशन में यह सदन अपने दायित्व का पालन करेगा। लोकतंत्र सहयोग और समन्वय की मांग करता है। मतभेदों को प्रखर तरीके से प्रस्तुत करना, लेकिन सदन की मर्यादा का हमेशा ध्यान रखना, यह बहुत आवश्यक है और यह बात मैं इसलिए नहीं कह रहा हूं कि मैं इस समय इधर खड़ा हूं या बैठा हूं। जब मैं प्रतिपक्ष में था तब भी इस बात पर बल देता था कि संसार के सबसे बड़े लोकतंत्र की ओर दुनिया बड़े ध्यान से देख रही है। जो देश नये-नये स्वाधीन हुए हैं और जिन्होंने लोकतंत्र के पथ पर पग बढ़ाये हैं, वे हमारे प्रयोग को देखकर आश्चर्यचकित होते हैं, प्रसन्न भी होते हैं।

हमें उनकी आशाओं को टूटने नहीं देना है। देश के भीतर भी इस सदन को एक उदाहरण उपस्थित करना है, जिसका अन्य जनतांत्रिक संस्थायें पालन कर सकें।

आज जब अपने पड़ोस में लोकतंत्र पर हुए आघात से हम सब चिन्तित हैं, वहीं उससे हमें अपने संकल्प को बलशाली बनाने की भी प्रेरणा मिलती है कि हम लोकतंत्र की पूरी तरह से रक्षा करेंगे, उसका विकास करेंगे, उसे सार्थक बनायेंगे और उसे माध्यम बनाकर देश में आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन लायेंगे।

अध्यक्ष महोदय, आपकी देख-रेख में यह काम सदन सम्पूर्ण करेगा, इसका मुझे पूरा विश्वास है। मैं एक बार फिर आपको अपनी ओर से और पूरे सदन की ओर से बधाई देता हूं।

**SHRIMATI SONIA GANDHI (AMETHI):Hon. Speaker Sir, it gives me great pleasure on behalf of the Congress Party and on my own behalf to offer my congratulations and felicitations on your unanimous election to the high office of Speaker of the Lok Sabha.**

Sir, the present task is not new to you having presided over the Twelfth Lok Sabha. Despite your sudden elevation to this high office in 1998, in a short period of time, you found your way through the maze of rules and regulations and conventions and you dealt fairly and impartially towards each section of the House.

Just as it is the hon. Speaker''s task to be the custodian of the traditions of this House, so it is the task of us all to set examples of dignified debate and productive discussion. This Chamber resonates with history, the voices of many Indians. Many great men and women have spoken here eloquently and passionately on great issues of the day.

Today, we embark on a new Session which will carry us to a new millennium.

Our deliberations are followed and watched by vast numbers of our people. It is, therefore, imperative that we adhere to the highest traditions of Parliamentary decorum and language. We, the Members of the Congress Party in this House, shall endeavour to do so at all times.

Hon. Speaker, Sir, you are the guarantor of the rights and privileges of the Lok Sabha. We, on our part, offer you our fullest cooperation and we look forward to serving under your leadership.

I would also like to take this opportunity to congratulate all the Members of this House on their election.

**SHRI SOMNATH CHATTERJEE (BOLPUR):** Mr. Speaker, Sir, on my behalf and on behalf of my Party, I beg to convey our heartiest felicitations, greetings and also best wishes on your re-assumption of the high Office of the Speaker.

Sir, I am sure the people of Amalapuram are also very happy and proud today. Your unanimous choice today does reflect not only the composition of the present House but also because respect, faith and confidence that you earned during your short tenure in the Twelfth Lok Sabha as the Presiding Officer. Last time, there were some lurking doubts because of the crude, inept and unprofessional manner in which the issue was handled by those in charge of it. But soon, they were dispelled because of your ability and capacity to learn, because of your amiable disposition which was tempered with firmness, because of your holding the scale even, because of your commitment to the democratic principles and your desire to uphold the highest traditions of this House. Sir, you have proved yourself and we wish you well.

It is trite to say that this House belongs to all. More so, it belongs to the Opposition which has to work as the watchdog of the urges and aspirations of the people and over the functioning of the Government. I have no doubt that you will uphold the dignity and the decorum of this House and give fullest opportunities to the Members, specially those who are not sitting in the front Benches. I have no doubt that you will give fullest opportunities to them to participate in the deliberations of this House. But I apprehend this may not be a very tame affair to

run this House. It may not be a routine matter. With the weird combination that is going as an alliance, you may have trouble more from your Right than the Left. The Ram Temple issue is now on the shelf. But Ramakrishna is sulking. Chautala is absent. Prabhunath and Jai Narain are waiting in the wings. Therefore, there may be trouble there. But, Sir, we assure you fullest cooperation and support so far as my Party is concerned.

I have no doubt that you will not allow the dignity and the decorum of the House to be compromised. Let there not be mini speakers on the floor of the House that we had experienced last time.

Sir, we wish you well and you have our best wishes. We commit our party to fully cooperating with you in the discharge of your important functions.

**SHRI K. YERRANNAIDU (SRIKAKULAM):** Hon. Speaker, Sir, on behalf of the people of Andhra Pradesh, Telugu Desam Parliamentary Party and on my own behalf, I heartily congratulate the hon. Speaker, Shri G.M.C. Balayogi on his re-election to this august Office. I extend my warm felicitations to him on his unanimous election which is a rare honour. In this era of coalition politics, unanimous election reflects the spirit of consensus. I compliment the leaders of all the political parties for supporting the candidature of Shri G.M.C. Balayogi.

My Party has been a strong supporter of federalism. The unanimous election of Shri G.M.C. Balayogi belonging to the Telugu Desam Party, as the Speaker of this august House, is an indication of federalism taking deep roots in our political system. It is a matter of great satisfaction for Telugu Desam Regional Party to have its candidate elected as the Speaker of this august House.

I have had the privilege of long association with Shri Balayogi which goes back to our University days. We have studied Law together. We have entered politics together. He hails from a tiny village, and belongs to a weaker section. He was selected for the post of First Class Magistrate. After six months, he resigned from the Magisterial post and entered politics. Firstly, the hon. Speaker was elected as the Chairman of the Zila Parishad in East Godavari District. After that, he became the Minister for Education in the Andhra Pradesh Government. He did a lot for backward areas, particularly fishermen community of the East Godavari district.

I have known Shri Balayogi as a person with abiding faith and commitment to basic human values. He is an extremely sensitive person with a heart which feels for the poor, the weaker sections and the helpless. My sincere request to the senior Parliamentarians of this House that they should guide the newcomers about Parliamentary etiquette. In this respect, the hon. Members will look to him for proper guidance.

I do not want to take much of the valuable time of this august House. On behalf of my party, I assure the hon. Speaker of our fullest cooperation. I wish him all success in your endeavour.

श्री मुलायम सिंह यादव (सम्भल): अध्यक्ष महोदय, आपके अध्यक्ष चुने जाने पर हम आपका स्वागत करते हैं और खुशी भी जाहिर करते हैं। आप पहले भी इस पद पर रह चुके हैं। उस समय भले ही आप नए थे, लेकिन अपनी योग्यता और क्षमता का अच्छा और निष्पक्ष प्रदर्शन आपने कई परिस्थितियों में किया और सदन की गरिमा को बनाए रखा। पहले आप बहुमत से चुने गए थे, अबकी बार सर्वसम्मति से चुने गए हैं, यह बहुत खुशी की बात है। जहां हम सबकी जिम्मेदारी है और आपकी जिम्मेदारी भी बढ़ी है, वहीं हम आपसे उम्मीद करते हैं कि आप विपक्ष के माननीय सदस्यों के अधिकारों का संरक्षण करते रहेंगे। बहुमत की सरकार कई बार बहुमत के बल पर ऐसे काम करती है जो जनविरोधी होते हैं। विपक्ष के लिए जरूरी है कि उसका विरोध किया जाए और केवल विरोध करना ही उत्तरदायित्व नहीं, बल्कि विपक्ष द्वारा संघर्ष करना भी उत्तरदायित्व है। इससे कई बार ऐसी परिस्थिति में सरकार कहती है कि लोकतंत्र खत्म हो गया है। अगर सही बात कहने के लिए विपक्ष विरोध करता है तो यह प्रचार किया जाता है, इसी सरकार ने सारे देश में भी यह प्रचार किया कि हिन्दुस्तान का लोकतंत्र खत्म कर दिया गया और यहां तक कहा कि लोकतंत्र को मुट्ठीभर लोगों ने खत्म कर दिया,

इस पर कृपया आपको ध्यान देने की आवश्यकता है। हम आपका अपने दल की तरफ से, समाजवादी पार्टी की तरफ से पूरा सहयोग करेंगे। हम ऐसा महसूस करते हैं और चटर्जी साहब ने भी कहा कि जो निर्दलीय हैं, छोटे-छोटे दल हैं उनका भी सदन के अंदर विशेष ध्यान रखा जाए। सदन में नये सदस्यों को भी बोलने का मौका मिले, इससे लोकतंत्र की जड़ें और मजबूत होंगी। हमें विश्वास है कि आप विपक्ष के अधिकारों को संरक्षण तो देंगे ही, लेकिन बहुत से ऐसे काम हैं जो सरकार की इच्छा के प्रतिकूल हो सकते हैं, सरकार की नीयत भी खराब हो सकती है, उस

नीयत का विरोध करना हमारा फर्ज और हमारी जिम्मेदारी है। हम जहां से चुन कर आए हैं, देश की जनता के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। ऐसे कटु निर्णयों का तो हम विरोध करेंगे ही, उस कटु विरोध में कुछ बातें ऐसी आ जाती हैं जिनसे घबराने की जरूरत नहीं है। हम संसदीय काम पूरी तरह से करेंगे लेकिन अगर कोई बहुमत के बल पर मनमानी करेगा तो उसे रोकना भी हमारा उत्तरदायित्व है, उसे भी हम पूरा करेंगे।

मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि आपको समाजवादी पार्टी की तरफ से पूरा समर्थन और सहयोग मिलेगा। हमें विश्वास है कि जिस तरीके की सरकार बनी है वह सरकार कुछ ऐसे कानून लाने वाली है जिन पर टकराव होगा। यह सरकार उन कानूनों को हर तरह से पेश करने की कोशिश करेगी और हम भी हर तरह से उसे पेश करने से रोकने का काम करेंगे, यह हमारी जिम्मेदारी है। इसे आप अन्यथा नहीं लेंगे, हमें माफ करेंगे ... (व्यवधान)

श्री सोमनाथ चटर्जी (बोलपुर) : नोटिस दे दिया है।

श्री मुलायम सिंह यादव (सम्भल) : हां, नोटिस देंगे। आप जिस परिवार से, छोटे गांव से आए हैं, सरकार का इस तरह प्रचार करना कि लोकतंत्र खतरे में पड़ गया है इसका आपको कटु अनुभव भी है। पिछले अनुभवों के आधार पर हम लोग कभी-कभी इन बातों की अनदेखी भी करेंगे, सहयोग भी करेंगे और फिर आपसे कृपापूर्वक आग्रह करेंगे, आप भले ही नाराज हो जाएं लेकिन आपकी निगाहें फिर भी हमारी तरफ बनी रहें, ऐसी हम आपसे उम्मीद करते हैं। आपकी योग्यता में कोई शक नहीं है। आप दोबारा चुने गए हैं, इसकी हमें खुशी है। प्रधानमंत्री जी ने जो कहा है, यह एक ऐतिहासिक दिन है, आपका सौभाग्य है और हमारे लिए भी सौभाग्य की बात है कि हमारे मिलने-जुलने वालों को हर तरह से आपसे बात करने का मौका मिलता रहे। आप फिर से इस उच्च पद पर पदासीन हुए हैं, इस सदन की गरिमा हम लोग भी पूरी तरह से निभाएंगे लेकिन सबसे ज्यादा जिम्मेदारी सत्ता पक्ष की है, यह आप ध्यान रखेंगे। इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपका स्वागत और अभिनंदन करता हूं।

कुमारी मायावती (अकबरपुर) : माननीय अध्यक्ष जी, इस सभा के अध्यक्ष पद पर आपकी सर्वसम्मत नियुक्ति हुई है, उसके लिए मैं स्वयं और अ पनी पार्टी की ओर से आपका स्वागत करती हूं। मुझ से पूर्व जिन नेताओं ने आपकी नियुक्ति पर अपने विचार रखे हैं, उनसे अपनी सहमति जताते हुए मैं आपसे यह अपील अवश्य करूंगी कि आपकी जिस तरह सर्वसम्मत और निर्विरोध नियुक्ति हुई है उससे हमें खुशी है और आज उस समाज को भी खुशी होगी,

जिस समाज से आप ताल्लुक रखते हैं ऐसा समाज जिसे देश में मनुवादी व्यवस्था के द्वारा जिंदगी के हर पहलू में गिराया गया है और पछाड़ा गया है।

... (व्यवधान)
आप मेरी बात सुन लीजिए

... (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : प्लीज, आप बीच में मत बोलिये।

कुमारी मायावती : आपको मेरी बात जरूर कड़वी लगे, लेकिन जिस मनुवादी व्यवस्था के द्वारा इस देश के करोड़ों दलित-शोषित समाज के लोगों को गिराया गया है, पछाड़ा गया है, यह किसी से छिपा नहीं है।

... (व्यवधान)
जिस समाज से आप ताल्लुक रखते हैं, मैं उम्मीद करती हूं कि इस महत्वपूर्ण कुर्सी पर बैठकर आप उनके हितों का पूरा ध्यान रखेंगे। आपको मालूम ही है कि परम पूज्य बाबा साहेब अम्बेडकर जी के अथक प्रयासों के कारण इस देश के करोड़ों दलित-शोषित लोगों को आगे बढ़ने के लिए जिंदगी के हर क्षेत्र में आरक्षण मिला है। खास तौर से नौकरियों में जो आरक्षण मिला है, किसी भी पार्टी की सरकार ने, उस आरक्षण के कोटे को पूरा नहीं किया है। इतना ही नहीं आज तो सुप्रीम कोर्ट और उससे निचली अदालतें भी उसमें दखल देती नजर आ रही हैं। आप माननीय प्रधान मंत्री जी से मिलकर दलित-शोषित समाज का आरक्षित कोटा जो पूरा नहीं हुआ है उसे पूरा कराने में दिलचस्पी लेंगे।

... (व्यवधान)
साथ ही आप ऐसा कानून बनाने में भी दिलचस्पी लेंगे जिससे कोई भी अदालत, निचली अदालत हो या सुप्रीम कोर्ट हो, जो आरक्षण अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों को मिला है उसमें दखलंदाजी न दे सके।

... (व्यवधान)

इसके साथ-साथ जब महिलाओं के आरक्षण के बिल के ऊपर चर्चा होती है तो उस मौके पर भी हम महिलाओं के आरक्षण के बिल के खिलाफ नहीं, लेकिन महिला आरक्षण बिल में अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्ग की अकलियत समाज की महिलाओं के लिए भी उसमें आरक्षण की व्यवस्था हो, इसकी तरफ भी आप पूरा ध्यान रखेंगे। महिलाओं के बिल की जब बात आती है और उस पर चर्चा होती है तो अनुसूचित जाति और जनजाति की महिलाओं को यह कहा जाता है कि महिला आरक्षण बिल में तो अनुसूचित जाति और जनजाति के आरक्षण की अपने आप में व्यवस्था है। मैं आपको बताना चाहती हूं कि यह व्यवस्था जरूर है लेकिन जो कोटा लोक सभा और विधान सभा में अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए रिजर्व किया गया है अगर उसमें ३३ प्रतिशत महिलाओं को दे दिया जाएगा तो आप खुद सोचें कि जो हमारे पुरूष भाई हैं उनका इतना कोटा औटोमैटिकली कम हो जाएगा, लगभग आधा रह जाएगा। इसलिए मैं नहीं चाहती कि हमारा जो कोटा है उसमें से महिलाओं को एडजस्ट किया जाए। इसके फैवर में मैं नहीं हूं। जो हमारा कोटा है वह तो हमें मिलना चाहिए और महिला आरक्षण बिल में जो अनुसूचित जाति, जनजाति और अकलियत समाज की महिलाओं के लिए अलग से व्यवस्था हो। इसकी तरफ भी आप पूरा ध्यान देंगे।

अंत में मैं आपका ज्यादा समय न लेते हुए पुनः आपसे दरख्वास्त करूंगी कि जब भी हाउस में दलित-शोषित समाज की बात आये तो आप उस पर पूरा समय देंगे। खास तौर से वीकर सैक्शन से सम्बन्ध रखने वाले संसद सदस्यों की बात को सुनेंगे। आप उनकी दुख तकलीफों में अहम भूमिका निभाते हुए माननीय प्रधानमंत्री जी से भी प्रार्थना करेंगे कि उनके हितों की अनदेखी न हो।

इन्हीं शब्दों के साथ और ज्यादा समय न लेते हुए यह कहना चाहती हूं कि आज मुझे इस बात का काफी गर्व अनुभव हो रहा है कि हमारे दलित शोषित समाज से सम्बन्ध रखने वाले भाई की इस महत्वपूर्ण कुर्सी के लिए निर्विरोध नियुक्ति हुई है। इसके लिए बहुजन समाज पार्टी फिर से वैलकम करती है।

**MR. SPEAKER:** Now, Shri P.H. Pandian.

... (व्यवधान)

कुमारी मायावती : मनुवादी व्यवस्था से देश के कमजोर तबके के लोग और अधिक पिछड़े हो गए हैं

... (व्यवधान)

**MR. SPEAKER:** Madam, please sit down.

... (Interruptions)

**MR. SPEAKER:** This is not going on record.

(Interruptions)*

श्री रामदास अठावले (पंढरपुर) : इन्हें मनु का नाम लेने वालों पर बहुत गुस्सा आता है।

... (व्यवधान)

**MR. SPEAKER:** I have not called your name. Please sit down.

Now, Shri P.H. Pandian.

---

*Not Recorded.

**SHRI P.H. PANDIYAN (TIRUNELVELI):** Hon. Speaker, Sir, on behalf of the All India Anna DMK Parliamentary Party and on my own behalf we offer the warmest felicitations to you and welcome your unanimous choice as the Speaker of the 13th Lok Sabha.

I just now saw that the Leader of the Opposition and the Prime Minister conducted you to the Chair to occupy the Speaker"s seat. I want to trace back to the history of the Speakership to the 17th Century; how it happened and why you have been conducted to the Chair. During King Charles regime, the Speakers suffered at his hands; nobody came forward to accept the seat. That is why, the Speaker, after his election, is being conducted to the Chair by the Leader of the Opposition and the Prime Minister.

Now, Sir, for the second time you have been conducted to the Chair. During the regime of King Charles, the Speaker, Lenthall, in the House of Commons maintained the highest traditions and independence of the Office of the Speaker. Well, King Charles I entered the Parliament and asked the Speaker, Lenthall, to produce the five MPs before him, to deal with them. The Speaker, Lenthall, said: `I have neither eyes to see nor ears to hear ". That is why, the Office of Speaker is now in an elevated position in the warrant of precedents. During the British regime, in the House of Commons, everybody wanted to become a Minister, not a Speaker, only to escape the gallows. Two Speakers were executed for non furnishing of information to the King. When I visited the House of Commons, I saw the photographs of the two Speakers who were executed. So, the history dates back to the 17th Century. Now, we are moving towards the 21st Century.

Now, Hon. Speaker, Sir, you have occupied this highest seat in our Constitution. Sir, you have a parliamentary control over the Executive. ... (Interruptions)

**SHRI S. BANGARAPPA (SHIMOGA):** One King was also executed by the House of Commons. ... (Interruptions)

**SHRI P.H. PANDIYAN :** Yes, it was King Charles.

Hon. Speaker, Sir, you are going to exercise your constitutional power to control the Executive, that is the Parliamentary Executive.

Mr. Speaker, Sir, now you have a crucial role to play in the present context of the chemistry of mixture of political alignment and coalition after the recent elections. The BJP, which is the single largest party with the chemistry of mixture, is leading the Government. So, I would like to say that the Parliament shall control, through the Speaker, the Government in whatever decision they take. It may be a collective decision but it is a curious mixture of different political ideologies, different political parties and regional parties which have taken part in the Ministry.

Sir, I would like to add one thing more at the present juncture that as a Speaker you have a constitutional authority to decide the constitutionality of any Bill being placed in Parliament. If you say that it is unconstitutional, it cannot be placed before the House for deliberation, for debate. Then, to adjudicate the constitutional questions under the Anti-Defection Law, is the power conferred onerously on the Speaker by the Tenth Schedule of the Constitution and more so, under that Schedule, Sir, you have a judicial power to perform independently. Apart from that, police martial powers are conferred on you under the Rules of Procedure. So, as a Member of a regional party, you have been elevated to the position of Speaker. I would appeal to you, Sir, that, like the Scandinavian countries, the Speaker may have a parliamentary control over the Government. Minority Government was in vogue for the last 17 years--I had been in Denmark--till 1986. The Speaker has to approve the name of the Prime Minister. Once the Speaker says `no", the Prime Minister"s name cannot be moved in the House constitutionally.

So, in the present context, Sir, as a Speaker you have to perform constitutional duties, exercise constitutional powers. For that, I would like to quote what Pandit Nehru had said when Mavalankar was elected as the Speaker: He said: "The Speaker represents the House; the House represents the nation; and as such a person of impartiality and independence is elected to the Office of the Speaker". I hope, Hon. Speaker, Sir, you will maintain that tradition--independent of thinking, independent of action, independent of conduct in this House.

We, on behalf of the AIADMK Party assure you, Sir, our fullest cooperation to you and we offer our felicitations to you, Sir.

**MR. SPEAKER:** Now, the Father of the House, Shri Indrajit Gupta.

**SHRI INDRAJIT GUPTA (MIDNAPORE):** Mr. Speaker, Sir, I cannot express the intense pleasure which I am feeling today at the unanimous election of your goodself to this high Office. Since you were here last time for a short period, I had the opportunity and the occasion to come to know you rather intimately and we had discussed together a number of important issues affecting the parliamentary conduct and I must say that my respect for you as a person of great independence of judgment, impartiality and fairness had gone up considerably during that period.

12.00 hrs.

Therefore, your elevation to this Chair is a matter of great satisfaction to us.

Sir, here many hon. Members and leaders have spoken about the great responsibilities which devolve upon you, more so, because you have been elected by the entire House. It means the entire House has got confidence and faith in your capacity to run this House. Similarly, I would say that a great responsibility has come upon the Members of this House who have decided in their wisdom to elect you unanimously and you have been elected; and, then it is up to the Parties and Members in this House to do everything possible to respect your directions, to respect your observations and to see to it that the House is conducted in a manner befitting the traditions of this Parliament.

Sir, in the recent past, I think you will admit that one of the main casualties has been that of the decorum and dignity of this House. I am not blaming anybody for that but it is a fact. There have been adverse comments about it widely in various quarters in the Press and abroad also. Adverse comments have been made about the alleged lack of dignity and decorum in this House. Sir, under your stewardship now, I sincerely hope that that chapter will be closed and everybody will conduct themselves here. Of course, I agree with Shri Mulayam Singh Yadav and others that the responsibility for this lies equally with the Opposition as with the Government. No parliamentary democracy can flourish unless there is an effective and vigilant Opposition. Parliamentary democracy has no meaning without an Opposition. Therefore, while the Opposition must observe certain norms and rules in its functioning, the Government, however big a majority they may have, must also respect the views of the Opposition as it is their duty and to do everything possible to take the Opposition into confidence and to consult them as widely as possible before deciding on their policy matters. I hope, the present Prime Minister Shri Atal Bihari Vajpayee, in whom I also have confidence, will certainly see to it that the widest possible consensus is obtained before taking decisions. Very difficult decisions have got to be taken. I have no doubt about it.

So, as far as our group is concerned, it is greatly reduced in numbers this time. I regret to say that. But that is the verdict of the electorate and we have to abide by it. I assure you that as far as our Members are concerned, we will cooperate with you in every possible way and nobody will be able to accuse us of having done anything to damage the decorum or dignity of this Parliament.

I also join others in expressing my hope that you will give more opportunity to speak to some of the new Members and those who are referred to as backbenchers. They always have a complaint; they always have a grievance that they are not given sufficient opportunities. You may kindly try to help them in this matter.

Secondly, Sir, I am also rather sorry that nobody in this House seems to have a single word of praise for the pro tem Speaker for having discharged his duty as efficiently as he possibly could. Anyway I take it that generally the House has approved of the way things have been conducted.

I thank you also for all the cooperation that we have received from every quarter and I assure you that in future you will have no cause for complaint.

श्री शरद पवार (बारामती) : मान्यवर, लोक सभा के अध्यक्ष पद पर आप विराजमान हो गये हैं, इसलिए आपका अभिनन्दन करने और आपको शुभकामनाएं देते हुए मुझे बड़ी खुशी होती है। आपका अभिनन्दन करने का मुझे दूसरी बार मौका मिल रहा है।

मान्यवर, पूरे देश की पार्लियामेंट्री इंस्टीटयूशंस लोक सभा के बारे में एक अलग तरह से सोचती हैं। लोक सभा या लोक सभा का अध्यक्ष देश के सभी पार्लियामेंट्री इंस्टीटयूशंस का नेतृत्व करता है। कई बार स्टेटस की विधान सभाओं में कुछ सवाल ऐसे पैदा होते हैं तो हमेशा वहां बात होती है कि ऐसी परिस्थिति में लोक सभा ने किस तरह से निर्णय लिया था - इसलिए आपका निर्णय या निर्देश न केवल लोक सभा के लिए फलदायी होता है, बल्कि पूरे देश के पार्लियामेंट्री इंस्टीटयूशंस को एक नया रास्ता दिखाता है। इसलिए आपकी जिम्मेदारी बड़ी है और ऐसी जिम्मेदारी में हम सभी साथियों का फर्ज है कि आपको ठीक तरह से सहयोग दें, जिससे इस सदन की गरिमा बढ़ती रहे। मैं, मेरी पार्टी और मेरे साथी सभी कामों में आपको खुले दिल से सहयोग देंगे। १५ महीने पहले हम सभी साथियों ने आपका अभिनंदन किया था। आप तीन बार इस सदन के सदस्य चुने गये, दूसरी बार अध्यक्ष बन गये, हमारी सिर्फ इतनी भावना है कि अगली बार इतनी जल्दी अभिनंदन करने का हमें मौका न दें।

श्री रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली): अध्यक्ष महोदय, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र, हिंदुस्तान की सबसे बड़ी पंचायत लोक सभा के अध्यक्ष पद पर दोबारा निर्विरोध ढंग से चुने जाने के बाद आपने इस पद को सुशोभित किया है, इससे देश गौरवान्वित है, सदन गौरवान्वित है। मैं अपनी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल की ओर से आपको बधाई देता हूं। आपने पूर्व में निष्पक्षता और योग्यता के साथ सदन के संचालन का काम किया। पंडित ज वाहर लाल नेहरू ने कहा था कि लोक सभा अध्यक्ष के लिए कम से कम दो गुणों का होना आवश्यक है और वे गुण योग्यता और निष्पक्षता हैं। आपमें योग्यता भी है, निष्पक्षता भी है और अध्यक्ष महोदय, आपमें सहिष्णुता भी है। देश में जो गरीब, दलित, शोषित, लांछित, वंचित और उ पेक्षित वर्ग के लोग हैं, आपके अध्यक्ष चुने जाने पर उनके हृदय में उत्साह का वातावरण हुआ है और आप उस मामले में संवेदनशील भी हैं। दलितों की समस्याओं के संबंध में जब हम लोग सवाल उठाते हैं तो आप संवेदनशीलता के साथ उन्हें सुनते हैं जिससे देश में जो करोड़ों गरीब लोग हैं, उनका मनोबल बढ़ता है, उनकी आकांक्षा बढ़ती है और उनका लोकतंत्र और लोकतंत्र की सबसे बड़ी संस्था संसद के प्रति विश्वास बढ़ता है।

अध्यक्ष महोदय, कभी-कभी लोक सभा के संचालन में कठिन घड़ी भी आती है, जिसमें सरकार अपनी संख्या बल के चलते हठधर्मिता करती है और केवल हठधर्मिता ही नहीं करती बल्कि उसमें कभी-कभी बुलडोजिंग करने की भी प्रवृत्ति होती है। जिसके कारण जनता के हितों को देखते हुए विपक्ष को कभी-कभी एक्स्ट्रा कांस्टीटयूशनल मैथडस का भी सहारा लेना पड़ता है। उस समय अध्यक्ष महोदय, जब आप संकट की स्थिति में पड़ते हैं तो आपके सामने संवैधानिक मर्यादा, लोकतंत्र की मर्यादा, संसद और लोक सभा की ऊंची गरिमा की रक्षा करने का दायित्व, साथ ही ि वपक्ष और तमाम हमारे नये माननीय सदस्यों के हितों की रक्षा की चिंता भी होती है जो जनता के बीच से चुनकर आते हैं। खासकर जब केवल १८ महीने और १३ महीने में बार-बार परीक्षा देकर हम लोग सदन में आते हैं तो जनता की आकांक्षा होती है कि हमारे बीच से गया हुआ आदमी यहा हमारे सवाल उठा सके। अभी डीजल की कीमत जिस तरह से बढ़ाई गई है, उसका मामला सदन में आने वाला है। हम लोग गिनती से बंधे हुए थे, धोखाधड़ी के साथ, चुनाव खत्म होने के बाद सरकार ने जिस तरह डीजल के दाम बढ़ाने का काम किया है, उस पर सदन में सवाल उठेगा। उस तरफ से जो हठधर्मिता बढ़ती जा रही है और वे इस पर पुनर्विचार करने के लिए तैयार नहीं हैं तो हम विपक्षी भी एकजुट होकर इसका प्रतिकार करने के लिए तैयार हैं और आपके सामने वह संकट की घड़ी आयेगी और तब लोक सभा की गरिमा और मर्यादा की रक्षा करने का आपका दायित्व होगा। आज जनता के करोड़ों लोगों के बीच त्राहि-त्राहि मची हुई हैं कि महंगाई बढ़ रही है।

उस सवाल को हम छोड़ नहीं सकते और सरकार का जो राक्षसी बहुमत है, उससे हमें दबाया नहीं जा सकता।

अध्यक्ष महोदय, आप हमारे गार्जियन हैं, कस्टोडियन आफ दि हाउस हैं। लोक तंत्र के प्रबल रक्षक हैं। इसलिए इस दफा सदन में जो सवाल उठेगा उसे दबाया नहीं जा सकता। यह पद आपके लिए कांटों के ताज जैसा है। आपको पूर्व सदन का अनुभव रहा है। इस बार लोक सभा में अनेक विषय उठेंगे और उन पर सरकार कहेगी कि हम हाउस को कंसेंसस से चलाते हैं, लेकिन यदि यहां ऐसा नहीं होता और जबर्दस्ती तथा मनमानापन करके कार्यवाही चलाई गई, तो उसका संपूर्ण विपक्ष घोर प्रतिवाद करेगा और आपको हम लोगों को संरक्षण देने का काम करना होगा। आप हमारे गर्जियन हैं, खासकर के छोटी पार्टियों और नए सदस्यों के अधिकारों का आप संरक्षण करते रहे हैं उसी तरह से अब भी आपको रक्षा करनी होगी।

मुझे पूरा भरोसा और विश्वास है कि आप सदन की गरिमा और जिस समाज से आए हैं, उस की गरिमा और उसके हितों का संरक्षण करेंगे, लोक तंत्र की मर्यादा रखेंगे तथा लोक तंत्र को मजबूत करने का काम आपके निर्देशन में होगा। हम आपका नेतृत्व कबूल करते हैं और विश्वास दिलाते हैं कि आपको सदन को अच्छी तरह से चलाने में पूरा सहयोग देंगे और मुझे विश्वास है कि आप सावधानी के साथ सदन का संचालन करेंगे। गरीबों के हितों का संरक्षण हो, गरीबों के हितों पर कुठाराघात सरकार द्वारा न हो इसके लिए हम लोग प्रबल चौकीदार की तरह यहां पर मुस्तैद रहेंगे और आपके संरक्षण की अपेक्षा करेंगे। जिस तरह से पूर्व में सदन के संचालन में आपको सफलता मिली थी, उसी तरह मुझे विश

वास है कि आप १३वीं लोक सभा के संचालन में भी सफल रहेंगे और उसी तरह से ऊंचा आदर्श, ऊंची महिमा और उच्च गरिमा का अनुपालन करेंगे।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हूं।

**SHRI SANAT KUMAR MONDAL (JOYNAGAR):** Mr. Speaker, Sir, on behalf of my party, RSP, I warmly congratulate you on your election as the Speaker.

Sir, you know the composition of the thirteenth Lok Sabha. There are a number of smaller parties. I firmly believe that you will give them more time to air their issues on various burning problems. I hope that you will safeguard the rights of the Members and the dignity of the House.

I once again assure you my party"s fullest cooperation in conducting the proceedings of the House in an orderly and impartial manner and I wish you a very very successful tenure. Thank you, Sir.

श्री चन्द्र शेखर (बलिया): अध्यक्ष जी, आप सदन के अध्यक्ष चुने गए हैं, इसके लिए आप मेरी ओर से अभिनंदन एवं शुभकामनाएं स्वीकार करें। सारे समाजे में आज एक विहवलता है। लोग कठिनाई का सामना कर रहे हैं। उसका कुछ आभास हमारे पूर्व वक्ता श्री रघुवंश प्रसाद सिंह के भाषण से मिला। यह सवाल सदन में उठेगा और उस समय आपकी उतनी परीक्षा नहीं होगी जितनी सदन के सदस्यों की परीक्षा होगी।

मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि हर समय शुभकामना देते समय, आपका अभिनन्दन करते समय हम लोग उच्च विचारों और उच्च मान्यताओं को यहां पर प्रतिपादित करने का आश्वासन देते हैं।

लेकिन जब सदन चलता है तो एक पक्ष से नहीं चारों तरफ से ऐसी कठिनाइयां पैदा की जाती हैं कि जिसमें अध्यक्ष के लिए निर्णय लेना कठिन हो जाता है। हमारे मित्र श्री इन्द्रजीत गुप्त ने थोड़ा संकेत किया कि हम लोगों की बड़ी जिम्मेदारी है। मैं ऐसा समझता हूं कि आज हम जो आश वासन आपको दे रहे हैं, उस आश्वासन के अनुकूल हम अपने को सिद्ध करेंगे। आपकी अपनी मर्यादा है।

अभी हम एक वक्ता का भाषण सुन रहे थे। सदन का अध्यक्ष या सदन को चलाने वाला ऐसा नहीं होता कि जो चाहे वैसा निर्णय ले ले। उसके लिए कुछ परम्परायें बनी हुई हैं, कुछ नियम, मान्यतायें बनी हुई हैं। फिर यदि सब लोग सहयोग न करें तो कितना भी सुयोग्य, कितना भी सहिष्णु कोई अध्यक्ष हो, वह सदन को चलाने में असमर्थ हो जाता है। पिछले सदन में एक बार नहीं अनेक बार ऐसी कठिनाई आई जिससे जैसा हमारे मित्र इन्द्रजीत जी ने कहा कि इस सदन की मर्यादा के बारे में चारों तरफ शंका की दृष्टि से देखा जाने लगा। मैं समझता हूं कि आने वाले दिन न अधिक भयावह होंगे। इसके लिए कोई पार्टी जिम्मेदार नहीं है, सरकार जिम्मेदार नहीं है। दुनिया जिस तेजी से बदल रही है और हमारा यह भूखंड, हमारा उपमहाद्वीप जिन कठिनाइयों से गुजर रहा है, उन कठिनाइयों का असर हमारे ऊपर भी होगा - चाहे वह आर्थिक हों, राजनीतिक हों, सामाजिक या सांस्कृतिक हों। सारी कठिनाइयां एक साथ आ रही हैं। उनका उल्लेख इस सदन में होना अनिवार्य है। ऐसे समय में हम सबके लिए यह आवश्यक है कि हम एक दूसरे के विचारों को समझने की कोशिश करें। जो समस्यायें हैं, वे तो है ही, नयी समस्यायें अगर न खड़ी हों तो ज्यादा अच्छा है लेकिन मुझे ऐसा लगता है कि नयी समस्यायें प्रारम्भ से खड़ी करने के लिए हम कुछ ज्यादा उत्सुक जान पड़ते हैं और ऐसी बातें किसकी ओर से हो रही हैं, यह तो आने वाले दिन बतायेंगे लेकिन अगर ऐसी समस्यायें न खड़ी की जायें तो ज्यादा अच्छा होगा। मुझे विश्वास है कि पिछले साल कठिन समय में जिस तरह से आपने इस सदन का नेतृत्व किया है, आने वाले कठिन दिनों में भी आप सबके सहयोग से कठिनाइयों का समाधान निकाल सकेंगे और हम इस सदन की मर्यादा को पिछले दिनों के अनुभव से कुछ अधिक अक्षुण्ण रखने में और उत्कृष्ट बनाने में सफल होंगे। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री जी. एम. बनातवाला (पोन्नानी): जनाब स्पीकर साहब, आप स्पीकर मुनतखिब हुए हैं, मै अपनी पार्टी मुस्लिम लीग और अपने जानिब से आपको दिली मुबारकबाद पेश करता हूं। आप पिछली लोकसभा में भी हमारे स्पीकर थे और बड़ी कामयाबी के साथ आपने अपनी जिम्मेदारियों को निभाया था। अब दोबारा आपका इंतिखाब होना और इत्तफाक-ए-राय के साथ इंतिखाब होना इस बात को जाहिर करता है कि इस ऐवान के हर सैक्शन की जानिब से आप पर पूरा ऐतमदाद है। आप सेक्युलर जम्हूरियत के मुहाफिज़ हैं। इस ऐवान की अज़मद और शान, उसके कवायिद व जवाबिद, उसकी रिवायात को बरकरार रखना है और मैं आपको यकीन दिलाता हूं कि मेरी पार्टी का इस सिलसिले में आपके साथ मुकम्मल

तावुन रहेगा। मैं एक बात पर जोर देना चाहूंगा कि यह ऐवान एक अजीम ऐवान है। इसलिए कि यह पूरी कौम की नुमाइंदगी करता है, पूरे समाज की नुमाइंदगी करता है। हमारी सोसायटी में पाये जाने वाले मुख्तलिफ नज़रियात की यहां पर नुमाइंदगी है।

साहेब, आप महसूस करेंगे और यह जरूरी है कि यह नुमाइंदगी इस ऐवान के बहस और मुबाहिसे में और इस ऐवान की डिबेटस के अंदर भी जाहिर हो और इसके लिए जरूरी होगा कि इस ऐवान में पाई जाने वाली तमाम पार्टियां चाहे वह कितनी ही छोटी पार्टियां हों और कुछ जो आजाद हों, उन सबकी राय लोक सभा की डिबेटस के अंदर शामिल रहे, इसकी गुजारिश मैं जरूर आपसे करूंगा और इस बात की उम्मीद रखूंगा कि इंशा अल्लाह हम सब मिलकर इस ऐवान की शान और अज़मद को बरकरार रखेंगे।

हां, हमारे प्रो टैम स्पीकर साहब ज़रा थोड़े बेसब्र रहे। उनका नाम मैं, बहुत पहले ही अगर पुकारा जाता, ले लिया होता कि हम उनके बहुत मशकूर हैं, ममनून हैं, उनका शुक्रिया अदा करते हैं, उन्होंने हमको हलफ दिलाया, इस ऐवान में बैठने की इजाजत दी और आपका भी स्पीकर के तौर पर उन्होंने ऐलान किया, उसके लिए बहुत-बहुत शुक्रिया। जुग-जुग जीयो, यहां पर रहो, एक साल नहीं यहां पर रहो, टर्न पूरी करते हुए सबको हलफ दिलाते रहो, यह भी उम्मीद हम करेंगे।

साहब, सैकुलर जमहूरियत की हिफाज़त में आइए, हम सब हाथ मिलाकर आगे बढ़ें ताकि हमारे समाज के हर सैक्शन के साथ, हर हिस्से के साथ पूरा-पूरा इंसाफ हो सके - ऐसी एक जस्ट सोसाइटी, ऐसी एक इंसाफ पसंद सोसाइटी के कयाम का हलफ लेते हुए मैं आपको यकीन दिलाना चाहता हूं कि आपको इस काम में हमारा हर मुमकिन तावुन हासिल रहेगा। जनाब, आपको मुबारक हो।

श्री अली मोहम्मद नाईक (अनंतनाग) : जनाबे स्पीकर साहब, मैं अपनी तरफ से, अपनी जमात जम्मू कश्मीर नैशनल कान्फ्रैंस और रियासत-ए-जम्मू कश्मीर के लोगों की तरफ से आपको दुनिया की बड़ी अज़ीम जमहूरियत के ऐवान के स्पीकर बनने पर मुबारकबाद पेश करता हूं। इस ऐवान में बड़ी-बड़ी पार्टियां बैठी हुई हैं, जिनके मैम्बरों की तादाद सौ से ज्यादा है और इस ऐवान में हिन्दुस्तान की जमहूरियत का यह खासा है कि यहां ऐसी भी पार्टियां बैठी हैं जिनकी निमबरी तादाद दर्जन से नीचे है, दर्जन से ज्यादा नहीं है। मुझे उम्मीद है कि रियासत-ए-जम्मू कश्मीर जो तादाद के लिहाज़ से, आबादी के लिहाज़ से हिन्दुस्तान की छोटी रियासत हो सकती है लेकिन हमारे जो मसाइल हैं, चाहे वे पोलीटिकल हैं, इकोनौमिक हैं, डैवलपमैंट के मसाइल हैं, चाहे वे लोगों को अज़ सरे नौ बसाने के मसाइल हैं, मुझे यकीन है कि आप इस छोटी सी रियासत को, जिसके मसाइल बहुत बड़े हैं, इस ऐवान में उठाने का मौका फराहम करेंगे। मैं रियासत-ए-जम्मू कश्मीर की तरफ से इस ऐवान से गुज़ारिश करूंगा कि जम्मू कश्मीर के मसले को एक कौमी मसला समझकर, हमारे जो मसाइल हैं, उनमें सब पार्टियों का, चाहे वे बड़ी हैं, छोटी हैं, हल करने में हमको सहयोग मिलेगा।

जनाबेवाला, यहां यह जाहिर किया गया कि स्पीकर इस ऐवान के तकद्दुस को बरकरार और कायम रखे - यह ठीक बात है। लेकिन स्पीकर अकेला ऐसा नहीं कर सकता

unless the leaders of various parties whether they are big parties or small parties,

जब तक स्पीकर को उन सबका कोआपरेशन हासिल नहीं होगा, तब तक इस ऐवान का जो तकद्दुस है, इस ऐवान का जो ऐहतराम है, उसे बरकरार रखने में उन्हें दिक्कत पेश आएगी। लिहाज़ा आज हमने इत्त्फाक-ए-राय से आपको अपना स्पीकर चुना है। इससे हम पर यह जिम्मेवारी भी पड़ती है कि चाहे कौन सी पार्टी कहां बैठी है, उसके ख्यालात क्या हैं, उसकी सोच क्या है, लेकिन उसे स्पीकर को अपना ऐहतमाद देना है और ऐवान के अंदर एक डिस्पिलन जो इसकी मर्यादा है, उसको कायम व दाइम रखना है। वह तभी होगा जब हम सब लोगों की तरफ से आपको मुकम्मल तावुन और सहयोग मिलेगा।

मैं अपनी पार्टी की तरफ से, अपने एम.पीज़ की तरफ से यकीन दिलाना चाहता हूं कि आपको हमारी तरफ से इस ऐवान का काम चलाने में पूरा सहयोग, पूरा साथ, पूरा तावुन मिलेगा। मुझे इस ऐवान से, आपकी वसादत से यह उम्मीद है कि हमारे जो मसाइल हैं, हमारी रियासत छोटी है, उनको पेश करने के लिए, उनका मदावा ढूंढने के लिए हमें सब लोगों का तावुन हासिल होगा। मैं एक बार फिर आपको बइत्तफाक-ए-राय स्पीकर चुने

**SHRI AMAR ROY PRADHAN (COOCH BEHAR):** Sir, you have been unanimously elected as the hon. Speaker of this august House. On behalf of my Party, the Forward Bloc, I would like to congratulate you on this occasion. I assure you that you will get the fullest cooperation from my Party in upholding the position of this august House.

Now-a-days, a new political culture has developed in India, that is, the formation of a coalition ministry and being partners in that. The party in power believes that the only alternative is to have a coalition ministry. Some people who do not believe it today, I hope, would believe it tomorrow. In a coalition, there are big as well as small Parties. One cannot neglect the small Parties. Though they are small or tiny, they are very much beautiful. If you go through the list of parties, then you will find some hints of regional imbalances created in the last 52 years of our Independence. You will also find that they have some national aspirations too.

Mr. Speaker, Sir, on behalf of my Party, I appeal to you to take care of these small Parties and Groups.

**SHRI P.C. THOMAS (MUVATTUPUZHA):** Sir, on behalf of the Kerala Congress (M), I would like to congratulate you on this occasion when you have again been elevated to the office of the hon. Speaker.

Sir, with your experience as the Speaker of the last Lok Sabha, with your long experience as a public man, with your experience as a political person and also with your experience in your long struggle for the down-trodden, I am sure, you will be able to do justice to the diversities in this House as well as in our nation.

Above all, Sir, I find a good quality in you, that is, you are a gentleman to the core, which is lacking in many of us.

**MR. SPEAKER:** You are also a gentleman.

**SHRI P.C. THOMAS (MUVATTUPUZHA):** Thank you very much, Sir.

Col. Newman has defined a `gentleman as "A person who inflicts no pain on others". I do not know whether you can rise to that extent when you are sitting in that Chair because you will have to be rash or rude at times.

We have already found that some senior leaders like Shri Mulayam Singh Yadav have already taken an anticipatory bail by saying that, sometimes, they may have to go a little astray. I am sure, Sir, with your experience, you will be able to control the House.

I remember, two years ago, we had a long debate for about six long days and nights regarding the decorum to be kept in the House. We had come together, we had put our heads together and came to a unanimous decision that we would abide by some ethos and ethics and that we would abide by the rule of law. I am sorry that we have not be able to succeed in that endeavour. So, we all know that it is not your effort alone which is necessary in that regard, but it should be an effort of one and all of us. We assure you, Sir, that we will all try to rise above partisan levels to uphold the great traditions of this House.

Sir, as many of the senior friends have already said, the backbenchers have to be taken into account. This point has been made in many of the speeches, but it has not been adhered to by many of those Members. The more time they take or the largest share they take, it results in lesser and lesser time being allotted to those who are sitting at the back. I am sure, as a custodian of democracy, you will look at the backbenchers and your arms are strong and long enough to reach the smaller parties and groups in this House. I am sure, with your tolerance and with your experience, you will be able to give ample opportunities for all sections of this House to speak about the rural poor, the down-trodden, the Scheduled Castes, women and students of this country, who are facing a lot of problems, especially the agriculturists. The Government of India have already said that they will pay due heed to them. But the poor farmers in this country, especially in your State, have committed suicide because of the low prices of cotton.

My State, for example, is known for rubber. The farmers growing rubber are in doldrums. Shri Raghuvansh Prasad Singh, you were supporting that cause. We would like to bring to the notice of this House about the plight of coconut farmers and other farmers. We would like to get proper response from the Treasury Benches. Many Members including the Prime Minister and other leaders sitting on the Treasury Benches know that a Member is put to great inconvenience if no response comes from that side. So, at the outset, we would like to get some response with regard to the problems which we may bring before this House.

I, once again, congratulate you and felicitate you on behalf of my Party and the people of Kerala.

**MR. SPEAKER:** The last speaker is Shri Francis George.

**SHRI K. FRANCIS GEORGE (IDUKKI):** Sir, on behalf of the Kerala Congress Party, I join all Members of this House in congratulating you on your assuming the Speakership of this Thirteenth Lok Sabha.

You have been elected unanimously and I hope that it is a very good sign because this House will have to address itself to many of the issues facing the country in a unanimous manner, as the nation is at a very critical juncture in its forward march. Sir, our country has almost gone to war with our neighbour and we are also facing many problems about which the Members who spoke before me have mentioned.

The hon. Prime Minister mentioned about the good traditions of this House. I would like to say that the country has also got very good traditions: a tradition of tolerance, a tradition of protecting the minorities -- a secular tradition which I am very sad to say is being flouted day in and day out by various outfits, who claim to be patriots and who claim in various ways that they are speaking for the country and for the people. It is unfortunate that after 50 years of our Independence, these kinds of happenings are taking place in this country.

We will have to address many issues, many of the economic policies being pursued by the Central Government, which are adversely affecting the States, especially States like Kerala. The policies of the Government, the globalisation and the liberalisation policies of the Government, the export and import policies of the previous Governments have very badly affected the economy of our Kerala State. The policy of free import of agricultural products, cash crops, has very seriously affected the farm sector of my State.

We have to think of those polices and the rights of the minorities. Also we will have to think about a total revamp of the Centre-State relations. All these issues will have to be addressed by the Thirteenth Lok Sabha on the basis of a consensus.

Sir, with your long experience in public life and your experience as the Speaker of this House for the last thirteen months, I am sure you will be able to give leadership to this Thirteenth Lok Sabha to discuss all these issues with mutual respect on the basis of a consensus, and to arrive at proper decisions which will be of help to the nation as a whole and to all the States of this great country.

Sir, I take this opportunity to congratulate you once again. Also, I wish you all success in your tenure as the Speaker of the Thirteenth Lok Sabha and I pray for God"s blessings to you.

श्री रामदास अठावले (पंढरपुर): अध्यक्ष जी, आप मुझे भी मौका दीजिए।

अध्यक्ष महोदय : आज नहीं, बाद में।

Today you have no chance.

Hon. Members, I congratulate all of you individually and collectively on your election to this House, the Thirteenth Lok Sabha.

I thank the hon. Prime Minister Shri Atal Bihari Vajpayee and the Leader of Opposition Shrimati Sonia Gandhi, in having respectively proposed and seconded my candidature for election to the office of the Speaker. I have great pleasure too in placing on record my sincere gratitude to the Leaders of all Parties and Groups in facilitating my unanimous election as Speaker. Unanimity in the election of the Presiding Officer, as I see it, is the first step that would lead to the cordial and smooth functioning of the House. My special thanks to the father of the House Shri Indrajit Gupta for his graceful presence in the Chair and his dignified conduct of the proceedings of the House as pro tem Speaker over the last two days.

The Thirteenth General Election is behind us. It has been generally peaceful apart from being free and fair. We have once again proved that we are a democracy in its widest sense and that in our region, our democracy is of a durable brand as well. No doubt we have gone through an unusually long spell of election campaign of which, I am sure, all of us -- and more importantly, the people of our country -- are tired. Let us sincerely hope that this House will complete its full term. While democracy stands ingrained in our people, they want political stability too.

The election has been a massive mandate for the forces of federalism. This is reflected in the composition of this House; in the structure of the Government. I would consider that in our country of a billion people and strong regional identities, this liberal mandate for federalism is a welcome development. I hope that this House would see in this mandate a golden opportunity to strengthen the Union of India that we are by harmonising the competing, and sometimes conflicting, regional interests and by forging the highest common measure of agreement amongst these interests.

A vital lesson of the election has been that the only ideology the people understand and appreciate is the ideology of development. Removal of poverty, removal of regional disparities, equity and social justice are the subjects that our people want to be placed high on the national agenda. I hope that this message informs and guides the hon. Members in the performance of their duties and their functions in the House.

I am advised that more than 40 per cent of the Members of this House are newcomers. It is necessary that they learn and play by the rules of procedure and conduct of the business of the House. Failure in this regard may render time management in the House a very difficult task for all of us. The newcomers could learn from senior parliamentarians, who in turn, can guide them. It is needless for me to point out that the parliamentary parties themselves have a significant role to play in the education of the newcomers.

It has been my experience as the Speaker of the Twelfth Lok Sabha that the junior Members of the House, particularly, the youth amongst them, cutting across political parties, feel aggrieved that they do not get adequate opportunities to articulate themselves due to non-assignment of time for the purpose. Assignment of party time in the House is the responsibility of the parties themselves. Parliamentary parties may like to find a solution to this problem.

Politicians all over the world have been debating the case of the missing women in position of power including in legislative bodies. In our country also, we have not lagged behind in debates. In this House too, we do miss women Members significantly. They are 46 in number accounting for 8.6 per cent of the total strength of the House. I hope that the limited number of women Members in the House would make up for their missing numbers by the quality of their performance. This, again, would be dependent upon the pro-active interest of the parliamentary parties in the encouragement they give to their women Members.

It is a tradition in parliamentary democracies for the Treasury Benches to be tolerant to criticism by the Opposition and for the Opposition to be constructive and responsible in holding the Government accountable. It is the mindless breach of this tradition which disrupts dignity and decorum in the House. I would call upon the Treasury Benches and the Opposition to help me to run the House in an environment of mutual cooperation and consensus among the Members, particularly as there are as many as 38 political parties which have their presence in this House, apart from independents.

Hon. Members, in the present day world of expanding media, legislatures all over the world are coming under close scrutiny. Particularly, with the growth in electronic media and live coverage of the proceedings of the House, every movement of yours is being closely watched by the people. It calls for sobriety and restraint on our part. People are very rational in their judgment of what is genuine and what is not. Playing to gallery will really not help. We are being watched for the genuineness.

Media is an important pillar of democracy. It provides us an effective interface with the people. I am confident that the media will continue to perform its duties with high degree of responsibility in their coverage of the proceedings of the House.

It is the fundamental duty of the Presiding Officer to uphold the supremacy of the Constitution in a non-partisan way. I shall perform my duty accordingly. In this endeavour, I seek the understanding, cooperation and support of all the Members.

I am beholden to all the felicitations showered on me in the House today.

I thank you all most heartily.

———